卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 357 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦5 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## विकास के कीर्तिमान बना रही सरकारः भट्ट

### गदरपुर में केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने किया नवीन मंडी का शुभारंभ

गदरपुर (उद संवाददाता)केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने बृहस्पतिवार को गदरपुर पहुंचकर करोड़ों की लागत से





बनी नवीन अनाज मंडी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पर केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि गदरपुर में नई अनाज मण्डी की जरूरत वर्षों से महसूस की जा रही थी। नई मण्डी बनने से जहां व्यापारियों को राहत मिलेगी वहीं किसानों को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा। साथ ही आम जनता को गदरपुर में मण्डी के कारण लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी। श्री भट्ट ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के ध्येय पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष लगाव उत्तराखण्ड से रहा है जिसके (शेष पृष्ठ सात पर)

## राईस मिल में छापा,भारी मात्रा में सरकारी चावल बरामद

हरिद्वार (उद संवाददाता)। सरकारी राशन की कालाबाजारी की सूचना पर एसडीएम अजयवीर सिंह ने गुरुवार सुबह एक राइस मिल में छापा मारा। इस दौरान मिल के गोदाम से भारी मात्रा में सरकारी चावल बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार बहादराबाद स्थित प्रेम राईस मिल में सरकारी राशन की कालाबाजारी होने की सूचना पर एसडीएम अजय वीर सिंह ने टीम के साथ मिल में छापा मारा जिससे वहां



हड़कम्प मच गया। छापे की कार्वाई के दौरान मिल के गोदाम में भारी मात्रा में सरकारी चावल बरामद हुआ। जिसके बारे में मिल में मौजूद कर्मचारी कोई जवाब नहीं दे पाये। जिसके बाद गोदाम को सील कर दिया गया। एसडीएम ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम खानपुर में अज्ञात कारणों के कारण एक युवक घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली ।जानकारी के अनुसार ग्राम खानपुर निवासी 19 वर्षीय विनय पुत्र मोर सिंह इलैक्ट्रिक मैकेनिक का काम करता था। परिजनों ने बताया गत रात्रि वह अपने कमरे में मोबाईल चला रहा था। करीब 9 बजे जब उसे खाना खाने के लिए बुलाने गये तो वह कमरे में फांसी पर लटका दिखाई दिया। जिससे परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। आनन फानन में उसे फांसी से उतार कर जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विनय की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक विनय के पिता मोर सिंह एवं माता धर्मवती मालदीव में रोजगार करते हैं। जबकि यहां परिवार में उसके दादा चुन्नीलाल, दादी, भाई मनीष तथा बहन ममता रहती है। मामले की सूचना मृतक विनय के माता पिता को दे दी गई है।

## निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद नवविवाहिता की मौत

### चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रसव के 24 घंटे बाद विवाहिता की उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने इस मामले में अस्पताल के चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मृतका का पोस्टमार्टम तहसीलदार की मौजूदगी में वीडियो ग्राफी के बीच





डॉक्टर के पैनल ने किया। अंत्य परीक्षण के बाद पुलिस द्वारा मृतका का शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है। व्याप्त है जानकारी के मुताबिक मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली 26 वर्षीया नैन्सी का विवाह लगभग एक वर्ष पूर्व वार्ड नंबर 2 मोहल्ला चौधरियान, तहसील जोया, जनपद अमरोहा तथा हाल खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी हरदीप सिंह के साथ हुआ। हरदीप बाजपुर रोड स्थित एक फैक्ट्री में लेबर कांट्रेक्टर है। पता चला है कि तीन दिन पूर्व प्रसव पीड़ा होने पर हरदीप ने अपनी पत्नी नैंसी को बाजपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

## राधा स्वामी संगत की सेवा में लगी ट्रैक्टर ट्राली चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राधा स्वामी अनुयाई द्वारा संगत की सेवा में लगाई गई ट्रैक्टर ट्राली अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गौरव कुमार पुत्र हरनन्दन लाल निवासी ग्राम धनेली उत्तरी तहसील मिलक रामपुर ने कहा है कि 30 सितंबर को राधा स्वामी सतसंग घर पर संगत की सेवा कार्य हेतु मिलक जिला रामपुर से एक ट्रैक्टर ट्राली लगाई गई थी। जिसे सतसंग घर रूद्रपुर के गेट नंबर 7 पर पार्किंग नम्बर 17 में खड़ा किया था। उसके बाद वह सेवा में लग गया।4 अक्टूबर को वापसी (शेष पृष्ठ सात पर)

## रूद्रपुर में 60 करोड़ से चमकेगा नैनीताल हाईवे

### डिवाईडर से दोनों तरफ 100 फिट चौड़ी होगी सड़क, गार्डन और लाईटिंग के साथ साईकिल ट्रैक से सुसज्जित होगा मार्ग

रूद्रपुर। शहर में इंदिरा चौक से लेकर अटरिया मंदिर मोड़ तक नैनीताल हाईवे का जल्द ही कायाकल्प होने वाला है। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। हाईवे को चमकाने के लिए 60 करोड़ का टेंडर निकालने की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। रूद्रपुर में नैनीताल हाईवे के कायाकल्प की जरूरत वैसे तो कई वर्षों से महसूस की जा रही थी। लेकिन इस दिशा में अब तक कोई सार्थक प्रयास नहीं हो पाये थे। हाईवे के कायाकल्प के लिए पहले भी कई बार प्रयास किये थे



हाईवे के नये निर्माण के लिए लोनिवि द्वारा बनाया गया नक्शा

लेकिन पूर्व में नैनीताल रोड पर बाधक बनता आ रहा था। जी-20 सम्मेलन के लिए नैनीताल रोड से अतिक्रमण हटने के बाद इस मार्ग की हालत सुधरने की आस जगने लगी थी। अब इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों का असर धरातल पर दिखने वाला है। लोक निर्माण विभाग ने अटरिया रोड से लेकर इंदिरा चौक तक हाईवे को चमकाने के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

### व्यापारियों की धड़कनें फिर हुई तेज

रूद्रपुर। नैनीताल हाईवे का सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण की तैयारी शुरू होने के साथ ही इसकी जद में आ रहे व्यापारियों की धड़कनें तेज हो गयी है। बीते दिवस लोक निर्माण विभाग ने सड़क चौड़ीकरण के लिए निशान लगाने शुरू कर दिये जिससे व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। व्यापारिशों ने चिन्हीकरण का विरोध भी किया। बता दें जी-20 सम्मेलन के दौरान भी सैकड़ों व्यापारियों को नैनीताल हाईवे से उजाड़ दिया गया था। उस समय भी यह चर्चा थी कि बाद में सड़क और चौड़ा किया जाएगा। अब लोक निर्माण विभाग ने सड़क के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए पूरा प्लान तैयार कर लिया और इसको धरातल पर उतारने के लिए अतिक्रमण हटाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। लोक निर्माण विभाग (शेष पृष्ठ सात पर)

## जर्जर सड़कों को लेकर आवास विकास के व्यापारी भड़के

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास क्षेत्र की जर्जर सड़कों से परेशान क्षेत्रवासियों के साथ व्यापारियों का रोष आज उभर कर सड़क पर उतर आया। भारी संख्या में लोगों ने नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए शिव शक्ति मंदिर के सामने सांकेतिक धरना दिया। रोषित क्षेत्रवासियों का कहना था कि आवास विकास क्षे की कई सड़कों का निर्माण हुए वर्षों गुजर चुके हैं। जो आज पू तरह से जतर्जर हालत में पहुंच चुकी है। मार्ग निर्माण को लेकर कई बार निगम प्रशासन से आग्रह किया जा चुका है । परंतु उनकी न्यायोचित मांग पर कोई सुनवाई नही हो रही है। उन्होंने कहा कि आल आवास विकास की प्रमुख सड़क



सहित अन्य सभी मार्ग पैदल चलने लायक भी नहीं हैं।आये दिन यहां दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। सब कुछ जानते हुए भी नगर निगम प्रशासन प्रशासन मौन साधे हुए है। जिसे अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। धरना प्रदर्शन करने वालों में संजय जुनेजा, सुनील आर्य, अशोक चोपड़ा, सुमित अरोरा, गोपाल भसीन,सीपी शर्मा, हैप्पी जुनेजा, फारूख, राजपाल यादव, ऋषि, परमजीत सिंह, आकाश रस्तोगी, रविन्द्र चौहान, नावेद, फुरकान व राजीव जल्होत्रा आदि थे।

## केन्द्रीय मंत्री से मिले चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल हाईवे के चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट से मुलाकात कर उजाड़े जाने से बचाने की गुहार लगायी। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने मुलाकात के दौरान कहा कि पूर्व में नैनीताल रोड से उजाड़े गये सैकड़ों व्यापारी अभी तक रोजगार के लिए भटक रहे हैं उनका पुनर्वास नहीं हो पाया है। अब हाईवे 100 फुट और चौड़ा किये जाने से कई व्यापारियों के प्रतिष्ठान इसकी जद में आ रहे हैं जिससे तमाम व्यापारियों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। विकास शर्मा ने व्यापारियों की भावनाओं से अजय भट्ट को अवगत कराते हुए हाईवे की चौड़ाई को कम करने और व्यापारियों के हित में निर्णय लिये जाने की मांग की। जिस पर अजय भट्ट ने मामले में अपने स्तर से हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन रिदया। इस दौरान तिलक राज बांगा, सुरेंद्र सिंह,राजकुमार बंगा ,सतीश कुमार, राज कृष्ण खुराना,कृष्ण लाल खुराना,अश्वनी दुनेजा, अंकुर आहूजा, राजीव खुराना , अमरीक सिंह,अनिल कुमार बांगा आदि लोग थे।









# उत्तराखंड में 19.385 करोड़ के निवेश पर एमओयू किया

**❑नई दिल्ली में इनवेस्टर्स रोड शो आयोजित : अल्मोड़ा जनपद में दो पंप स्टोरेज परियोजनाओं के लिये 15000 करोड़ का निवेश करेगी जेएसडब्ल्यू एनर्जी**

**❑यथार्थ हॉस्पिटल, डीएस ग्रुप,डिक्सन टेक्नोलॉजीज, रेडिशन ग्रुप, ओबरोय ग्रुप, एस एल एम जी, कोमयूस्म से 4385 करोड़ रूपये के एमओयू पर किए साइन**

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में बुधवार को नई दिल्ली में लोबल इनवेस्टर्स समिट के रोड शो के अवसर पर विभिन्न संस्थाओं से 19000 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, इससे प्रदेश में हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। रोड शो के दौरान जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी से 15000 करोड़ रुपए तथा यथार्थ हॉस्पिटल, डीएस ग्रुप,डिक्सन टेक्नोलॉजीज, रेडिशन ग्रुप, ओबरोय ग्रुप, एस एल एम जी, कोमयूस्म, से कुल 4385 करोड़ रुपए के एमओयू किए गए। इस अवसर पर सचिव श्री मीनाक्षी सुंदरम श्री विनय शंकर पांडे, डॉ. आर राजेश कुमार, महानिदेशक उद्योग श्री रोहित मीणा तथा एमओयू करने वाले संस्थानों के प्रमुख उपस्थित थे। नई दिल्ली के एक होटल में रोड शो के दौरान उत्तराखंड को निवेश के मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। सरकार ने जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी समेत अन्य कंपनियों के साथ 19,385 करोड़ के निवेश एमओयू किया गया। इसके अलावा यथार्थ हॉस्पिटल ने चिकित्सा में, डीएस ग्रुप ने फूड प्रोसेसिंग, डिक्सन टेक्नोलॉजी ने इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण, रेडिशन ग्रुप ने होटल, ओबरॉय समूह ने रिसॉर्ट, एसएलएमजी ने वेलनेस, कोमयूस्म, टीडब्ल्यूआई, बीएसएस के साथ 4385 करोड़ का एमओयू हुआ। इससे प्रदेश में हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। लंदन, बर्मिंघम, नई दिल्ली में हुए रोड शो में अब तक 40 हजार करोड़ के निवेश पर करार हुआ है। सीएम धामी ने कहा, रोड शो में निवेशकों के साथ हुआ करार वैश्विक निवेशक सम्मेलन की सफलता को दर्शाता है। इससे राज्य में पंप स्टोरेज प्लांट, सीमेंट, ट्रेनिंग सेंटर, पेयजल, कुमाऊं के प्राचीन मंदिरों में अवस्थापना विकास, सौंदर्यीकरण के



लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन में सीएसआर के तहत सहयोग मिलेगा। सीएम ने कहा, राज्य सरकार की मुख्य चिंता राज्यों से हो रहा पलायन है। पलायन तभी रुकेगा, जब राज्य में निवेश आएगा और उद्योग लगेंगे। इस मौके पर सचिव डॉ. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, एमडी सिडकुल रोहित मीणा व जेएसडबल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड के निदेशक ज्ञान बद्र कुमार मौजूद रहे। एमओयू के तहत जेएस डब्ल्यू एनर्जी 1500 मेगावाट क्षमता के अल्मोड़ा में दो पंप स्टोरेज परियोजनाएं स्थापित करने में 15,000 करोड़ का निवेश करेगी, जिसे अगले पांच से छह वर्षों में विकसित किया जाएगा। अल्मोड़ा के जोसकोटे गांव में साइट-एक में यह योजना निचला बांध -जलाशय कोसी नदी से आठ से 10 किमी की दूरी पर प्रस्तावित है। इसके अलावा अल्मोड़ा के कुरचौन गांव में साइट-दो में यह ऊपरी जलाशय कोसी नदी से 16 किमी की दूरी पर प्रस्तावित है। इस योजना से एक बड़ी आबादी को पेयजल की आपूर्ति व कृषि के लिए सिंचाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही 1000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## दुबई में रोड शो करेंगे सीएम धामी

देहरादून। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पांच अक्तूबर से सिंगापुर और ताइवान का दौरा फिलहाल टल गया है। अब मुख्यमंत्री 15 अक्तूबर को दुबई में रोड शो करेंगे। नई दिल्ली में हुए रोड शो में 19,385 करोड़ के निवेश पर करार हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में निवेशकों के साथ निवेश प्रस्ताव पर एमओयू हस्ताक्षर किए गए। प्रदेश सरकार और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के बीच 15 हजार करोड़ के निवेश पर एमओयू हुआ, जो पंप स्टोरेज परियोजना में निवेश करेगी। इससे एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिथौरागढ़ दौरे पर सीएम ने कहा, उनका दौरा प्रस्तावित है। उनका उत्तराखंड से गहरा रिश्ता है। उत्तराखंड लोग भी उन्हें चाहते हैं। हमारे लिए उनका उत्तराखंड में आना उत्सव की तरह है। हम उनके आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# उत्तराखंड के 49 वाइब्रेंट विलेज में बनेंगे हाट बाजार,758 करोड़ की 510 योजनाएं स्वीकृत

**वूलन हैंडिक्राफ्ट से लेकर प्रॉसेसिंग सेंटर तक युवाओं को मिलेगा रोजगार**

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के 49 वाइब्रेंट विलेज में हाट बाजार बनेंगे। युवाओं के लिए रोजगार की राह खुलेगी। पलायन रोकने के लिए



विकास किया जाएगा। इन गांवों में 18 विभागों ने 758 करोड़ की 510 योजनाएं बनाई गई हैं, जिन पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुहर लगी है। अब केंद्र को इनके प्रस्ताव भेजे जाएंगे। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखंड के तीन जिलों पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी के 49 वाइब्रेंट विलेज चुने गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर गृह मंत्रालय ने इन गांवों में पलायन रोकने, विकास करने के लिए प्रक्रिया शुरू की। इसके तहत प्रदेश में 758 करोड़ की 510 योजनाएं स्वीकृत हुई हैं। ये योजनाएं 18 विभागों ने मिलकर बनाई हैं ।इस 758 करोड़ में से 118 करोड़ का बजट केंद्र पोषित योजनाओं के तहत मिलेगा। 53 करोड़ रुपये का बजट राज्य के स्तर से मिलेगा। 586 करोड़ का बजट केंद्र की वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत मिलेगा।इसमें आर्थिकी विकास-आजीविकास बढ़ाने, ऊर्जा व नवीकरण ऊर्जा, हाउसिंग व विलेज इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, सड़क, कौशल विकास, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती प्रमुख हैं। वाइब्रेंट विलेज में वूलन हैंडिक्राफ्ट, पॉल्ट्री फार्म, भेड़ पालन, दुग्ध एकत्रीकरण केंद्र, मछली पालन, फूड प्रॉसेसिंग सेंटर के अलावा हाट बाजार भी बनाए जाएंगे। वाइब्रेंट विलेज से पर्यटन बढ़ने के मद्देनजर मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने सभी गांवों के लिए टूरिस्ट गाइड तैयार करने को कहा है। वहां की सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण होगा। संस्कृति कर्मियों को विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। पीएम आवास योजना के तहत उनके आवास बनाने के लिए केंद्र से नियमों में छूट की मांग की गई है। एनएचएम के तहत स्वास्थ्य उपकेंद्रों के साथ ही कर्मियों के आवास भी बनेंगे, जिनमें रोस्टर में कर्मचारी ड्यूटी करेंगे।

# इमरजेंसी वार्ड में लापरवाही से युवती की मौत,स्टाफ हटाया

**परिजनों ने नर्स पर युवती को गलत इंजेक्शन लगाने का लगाया आरोप**

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल दून मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान तबियत बिगड़ने के एक युवती की मौत हो गई। युवती के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गलत इंजेक्शन देकर युवती को मारने का आरोप लगाया है। मामले में अस्पताल प्रशासन ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दो दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया है।बताया जा रहा है बीते मंगलवार को उपचार के दौरान तबियत बिगड़ने से निशा (18) निवासी जौनसार क्षेत्र की मौत हो गई। युवती के परिजनों ने बेटी की मौत को लेकर अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। युवती के परिजनों के



कहना है की नर्स ने उनकी बेटी को गलत इंजेक्शन लगा दिया। जिसके बाद तुरंत ही उनकी बेटी की मौत हो गई है। युवती के परिजनों ने संबंधित स्टाफ को हटाने की मांग की है। दून अस्पताल में हंगामे की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए युवती के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। डिप्टी मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ अनुराग अग्रवाल का कहना है कि सदस्यीय कमेटी का गठन कर दो दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया है। डॉ अनुराग अग्रवाल ने बताया कि गंभीर आरोप लगने के बाद फिलहाल सम्बंधित स्टाफ को इमरजेंसी वार्ड से हटा दिया गया है।

# मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दिखाया दम

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। दो दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय मिनी क्रीडा प्रतियोगिता के प्रथम दिन बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं का शुभारंभ उपाध्यक्ष राज्य किसान आयोग उत्तराखंड सरकार राजपाल सिंह, पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा, के डी गहतोड़ी विशेष कार्यकारी सदस्य भाजपा, उमेश अग्रवाल प्रांतीय सचिव राइस मिलर संगठन, ओम नारायण राणा जिला मंत्री भाजपा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर राजपाल सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को खेल भावना के साथ खेलने हेतु प्रेरित करते हुए बालिकाओं को खेल प्रतियोगिता में शत प्रतिशत प्रतिभागिता हेतु भी प्रेरित किया। पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा द्वारा बच्चों को अनुशासित रहते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। बालिका वर्ग के समस्त दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद , गोला फेक चक्का फेंक, साहित्यक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। कार्यक्रम का संचालन



शिक्षक नेता के एन अटवाल एवं सूरज सक्सैना द्वारा किया गया। दिनेश चौहान अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सितारगंज ने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दी। संकुल प्रभारी जसौद मेहता ने सभी अतिथियों का हार्दिक आभार और स्वागत करते हुए समस्त बच्चों को खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे साथ ही निर्णायक समिति के शिक्षकों को पारदर्शिता के साथ निर्णय देने हेतु निर्देशित किया गया। खिलानन्द अटवाल एवं सूरज सक्सैना ने अपने संबोधन में किसान आयोग के उपाध्यक्ष से इस विद्यालय के मैदान के सौंदर्यकरण एवं चार दिवारी की स्वीकृति तथा विद्यालय परिसर में हुए अवैध निर्माण हटाने हेतु शासन से अपने स्तर से निस्तारण करने हेतु आग्रह किया गया। मंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया कि उक्त कार्य हेतु तत्काल कार्यवाही की जाएगी। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने के लिए कुंवर सिंह राणा, श्री निमाई चंद्र माझी, पुष्पेंद्र कटियार ,राधे सिंह, वीरेंद्र सिंह,कुंवर सिंह राणा, राम रूप सिंह, फकीर सिंह, शिव सिंह बिष्ट, रेनू उपाध्याय, तृप्ति पंत , सुरेश प्रसाद, हिमाचल कुमार, सुरजीत सिंह ,जसपाल सिंह, परमजीत सिंह नरेश राणा, सीमा कंचन, नीरज रानीआदि शिक्षक उपस्थित रहे प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में लगभग 400 बच्चों ने प्रतीभाग किया। 5 अक्टूबर 2023 को बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं संपन्न होंगे।

# पुलिस ने दो जुआरियों को दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना पुलिस ने जुआ सट्टा खेलने वालों के अड्डों पर छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने जुआरियों सटोरियों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है।पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड देहरादून के द्वारा अवैध सट्टा,जुआ में सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध आपरेशन प्रहार के तहत प्रभावी कार्यवाही करने के आदेश दिए गए, जिस क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधमसिह नगर द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियो को उक्त के क्रम मे प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। उक्त आदेश अनुपालन मे पुलिस अधीक्षक अपराध जनपद उधमसिंहनगर, पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर व क्षेत्राधिकारी सितारगंज द्वारा थानाध्यक्ष पुलभट्टा को टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये । थानाध्यक्ष पुलभट्टा और उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बहेडी रोड की तरफ पेट्रोल पम्प के पीछे बन्द पडी बर्फ की पुरानी फैक्ट्री से दबिश देकर राशिद खां पुत्र फरद निवासी नई बस्ती पुलभट्टा थाना पुलभट्टा। मुजीब पुत्र हबीब खां निवासी नई बस्ती पुलभट्टा थाना पुलभट्टा जिला उधमसिंहनगर को मय 52 तास के पत्ते व 1330 रुपये नकद के गिरफ्तार किया गया,मौके से 3 लोग फैक्ट्री के पीछे से भाग गये। पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा किया गया किन्तु पकड़ में नही आये। पकड़े गये दोनो व्यक्तियो से पूछताछ की गयी तो दोनों ने बताया कि उनके साथ जुआ खेलने वाले गुलाम अकबर पुत्र नामालूम निवासी नई बस्ती थाना पुलभट्टा जिला उधमसिंहगर,शाकिर पुत्र नामालूम निवासी उपरोक्त ,बिदन पुत्र नामालूम निवासी ग्राम पुलभट्टा जिला उधमसिंहनगर थे जो भाग गए है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, हेका. फिरोज खान ,का. दीपक विष्ट शामिल थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# दर्जनों महिलाओं और युवाओं को दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। शक्तिफार्म कांग्रेस के नगर अध्यक्ष प्राण मंडल के नेतृत्व में जेल कैंप स्थित अपने आवास पर दर्जनों महिलाओं युवाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। सभा में वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी मे शामिल नये कार्यकर्ताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया और कांग्रेस के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का अपील



भी किया। इस दौरान पूर्व विधायक प्रत्याशी नव तेजपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमिंदर यादव, महिला अध्यक्ष सरस्वती वाला, लक्ष्मी चौधरी, दीपक विश्वास, विभूति प्रसाद सुकुमार चक्रवर्ती,भगवान पांडे, श्रीकांत मिस्त्री, दीपुल विश्वास, रंजन चौधरी विष्णु तरफदार, संजय विश्वास आदि मौजूद थे।

# घर-घर आत्मज्ञान पहुंचाने के संकल्प के साथ गीता ज्ञान यज्ञ को दिया विश्राम

## मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय सत्संग का अयोजन

सितारगंज(उद संवाददाता)। मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में यहां सितारगंज के रामलीला भवन में चल रहे दो दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का आज ज्ञान यज्ञ को घर-घर तक पहुंचाने के संकल्प के साथ विश्राम दिया गया। इस





अवसर पर मानव धर्म के प्रणेता सद्गुरुदेव श्री सतपाल महाराज जी के आत्म अनुभवी शिष्य संत महात्माओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मज्ञान के द्वारा ही दुनिया में शांति एवं खुशहाली संभव है, क्योंकि यही वह आत्मज्ञान है, जो सृष्टि के आदि मध्य और अंत में व्याप्त है और यह आत्मज्ञान परमपिता परमात्मा की उसे दिव्य ज्योति का साक्षात्कार कर देता है जो दिव्य ज्योति सृष्टि के पूर्व थी और सृष्टि के बाद भी रहेगी अर्थात इस क्षणभंगुर संसार से मनुष्य को पार कराने के लिए उसे आत्म तत्व का बोध कराने के लिए आत्मज्ञान परम आवश्यक है कार्यक्रम के मुख्य आयोजक महात्मा सत्यबोधानंद जी ने कहा कि दिव्य गीता ज्ञान की प्रासंगिकता कलिकाल में बहुत ज्यादा है। क्योंकि आज मनुष्य का जीवन शांति निराशा काम क्रोध लोभ मोह जैसी अनावश्यक चीजों में व्यतीत हो रहा है और वह शांति की खोज में दर-दर भटक रहा है लेकिन उसे अपने अंदर बैठी परमपिता परमात्मा की उस दिव्य ज्योति का ज्ञान नहीं है उसे दिव्य ज्योति का ज्ञान करने के लिए ही आज सदगुरुदेव श्री सतपाल महाराज जी के आत्म अनुभवी संत महात्मा विभिन्न तीर्थ स्थलों से भ्रमण करते हुए जन-जन को वह संदेश दे रहे हैं उन्होंने इस अवसर पर रामलीला कमेटी से जुड़े समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महात्मा विषेशानंद महात्मा नगीना बाई जी, महात्मा गायत्री बाई जी ने भी आत्म तत्व का बोध कराने वाले सारगर्भित वचनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजक मंडल के बिशन स्वरूप जिंदल, दिगम्बर सती, मधुर अग्रवाल, रमेश गुप्ता, अमर सिंह, अर्जुन, भगवान दास वर्मा, राहुल रस्तोगी, रुक्मणि रस्तोगी, सभासद रवि रस्तोगी, रज्जो, सरोज रस्तोगी, सुमन रस्तोगी, आशा, पिंकी, मनीसा, सुनीता, महिमा, रेनू, श्वेता अग्रवाल, कैलाशचंद मित्तल, मेवाराम समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# गाली गलौज व धमकी में एक नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। फोन पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को नामजद करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर योगेश नामक व्यक्ति ने बताया कि मानपुर रोड स्थित पर्वतीय कॉलोनी निवासी देशराज पुत्र लाखन सिंह ने मामूली बात पर उसके साथ मोबाइल फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 504, 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

# कांग्रेस नेता ने नई मंडी के शुभारम्भ पर उठाये सवाल

गदरपुर( उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने गदरपुर की नवीन मंडी में धान की आवक का शुभारम्भ किये जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान शुभारम्भ करना अशुभ माना जाता है। शुभारम्भ करवाने की जल्दी क्या थी। सिद्धार्थ भुसरी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उन्हें बाजार में एलाउसमेंट के माध्यम से जानकारी मिली कि गुरूवार को केन्द्रीय पर्यटक एवं राज्य रक्षामंत्री अजय भट्ट नई मंडी में प्रथम धान आवक का शुभारम्भ करेंगे। उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए कहा कि अभी जल्दी ही क्या थी कि श्राद्ध चल रहे हैं। मंडी में 100 से अधिक कच्चे आढ़ती व्यापारी है जिसमें अधिकांश व्यापारी हिन्दु समाज के हैं और हिन्दु समाज में श्राद्ध के दिनों में शुभ कार्य करना अच्छा हीं माना जाता। यदि करना था तो 6 अक्टूबर को सही दिन था। उन्होंने कहा कि यदि शुभारम्भ करना था तो श्राद्ध के बाद किया जाता। भुसरी ने कहा कि अभी 80 आढ़त की दुकानें भी पूर्ण रुप से तैयार नहीं हो पायी है उसमें भी अभी काफी काम बाकी हैं। मंडी समिति का बार-बार बयान आ रहा है कि पुरानी मंडी में पांच तारीख के बाद धान नहीं तौला जायेगा। भुसरी ने कहा कि मेरा सवाल मंडी के पदाधिकारियों एवं मंडी के अधिकारियों एवं एसोसिएशन से है कि मंडी के सभी आढ़तियों को एक साथ लेकर जाते तो अच्छा होता। जो अभी करीब 20-25 व्यापारी बचे है यदि वह अपना धान पुरानी मंडी में नहीं तौल पायेंगे तो कहां तौल पायेंगे। नई मंडी में तो अभी पूरी व्यवस्था नहीं है। किसान का इतना धान आता है कि वह कैसे तौल पायेगा। यह मेरा मंडी के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों से सवाल है। इस लिए मंडी पूर्ण होने एवं सभी को दुकानें एलाट होने के बाद ही शुभारम्भ होना चाहिए था।



# व्यापारी आंदोलन को कई लोगों ने दिया समर्थन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा जिलाध्यक्ष द्वारा नगर निगम की सड़कों के खिलाफ भूख हड़ताल के चौथे दिन अनेक संगठनों से जुड़े लोगों ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। समर्थन देने वालों में जनप्रतिनिधियों में माननीय विधायक सुमित हृदयेश, देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष राहत मसीहा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व रामलीला कमेटी महामंत्री लीला कांडपाल,अनुराग भट्ट, अधिवक्ता गिरीश जोशी, सारथी फाउंडेशन के नवीन पंत, ज्ञानेंद्र पंत आदि समाजसेवी शामिल थे। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित हुई जिसमे आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, शांति जीना, विनीता शर्मा, गीता कांडपाल, प्रियंका शर्मा, ज्योति मेहता, सिद्धि सुयाल, गीता बिष्ट, सुरभि मेहरोत्रा, आलू फल आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश जोशी, लाला जायसवाल, मुरली मुलानी, चरणजीत बिंद्रा, उपेंद्र कनवाल, अरविंद चौहान, नदीम खान, भीमताल से कार्यकारी जिलाध्यक्ष राम पाल गंगोला, संरक्षक प्रवीण पटवाल, संजय गुप्ता, नीरज गुप्ता, संदीप गुप्ता, दिगंबर वर्मा, जुबेर खान, गौरव गुप्ता सहित व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# रामलीला मंचन के लिये कलाकारों का अभ्यास जारी

गदरपुर (उद संवाददाता)। रामलीला नाट्य कला परिषद अनाज मंडी द्वारा किए जा रहे अभ्यास के अब बस कुछ दिन शेष हैं। 20 सितंबर से चल रहे रामलीला के अभ्यास में बहुत से नए कलाकारों का चयन किया गया एवं उनको उनके किरदारों से अवगत कराया गया। इस बीच कलाकारों ने अपने किरदारों में ढलने का बहुत ही सुंदर प्रयास किया है एवं बहुत ही अदभुत प्रदर्शन कर सबको मंत्रमुग्ध किया। इस बीच रामलीला अनाज मंडी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा, निर्देशक अशोक पोपली, अशोक सुधा, राजू भुड्डी, जगदीश भुड्डी, सुभाष खुराना, सिद्धार्थ भुसजी, प्रवीण गिलहोत्रा, सुनील कालडा, देव छाबड़ा, जितेंद्र मिगलानी ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।रामलीला नाट्य कला परिषद के कलाकार रोहित पोपली, साहिल सुधा, गुलशन शर्मा, सागर कालड़ा, कशिश खुराना, अमन गाबा, मुनि भुसरी, दीपक छाबड़ा, कपिल कमरा, अनमोल भुड्डी, अरविंद पाल, युवराज कुमार, क्षितिज कोचर, करन कालड़ा, अविश अरोरा, अभिषेक सक्सेना, यश अरोरा, आर्यन छाबड़ा एवम समस्त कलाकार उपस्थित रहे।

# रामलीला कमेटी कल करेगी ध्वज स्थापना

गदरपुर (उद संवाददाता)। अनाज मंडी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने बताया कि दिनांक 6 अक्टूबर प्रात: 9 बजे श्री शिव पार्वती मंदिर, आवास विकास ,गदरपुर में ध्वज पूजन के उपरांत प्रभु श्री राम की ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। जो मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए श्री रामलीला भवन अनाज मंडी पहुंचेगी। भवन पर ध्वज स्थापना के उपरांत प्रसाद वितरण किया जायेगा उन्होंने क्षेत्र की समस्त जनता से श्री राम ध्वज यात्रा में शामिल होने की अपील की और कहां पुनीत कार्य में सम्मलित होकर पुण्य के भागी बनें।



भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

Sub: Show Cause Notice(SCN) cum Hearing Notice (HN) in the matter of Unimax Agrotech India Ltd.
Reference: SCN dated July 22, 2021

Name of the Noticees and their addresses:

| | |
|---|---|
| 1. Rajendra Singh (PAN- Not available) Village: Haripura, Tahsil : Bazpur Distt: Udham Singh Nagar Uttrakhand : 262401 | 2. Sanjiv Kumar (PAN- Not Available) 320,B Lakshmipur Patati, Ward -8, Udham Singh Nagar, Kashipur, Uttrakhand-244713 |
| 3. Anil Kumar Sagar (PAN- Not available) Sakkanpur, Ram nagar, PeerainDara Nainital, Ram Nagar, Uttrakhand-244715 | 4. Unimax Agrotech India Ltd (PAN-Not Available) Shop No.1,2,&3 Second Floor, Business Plaza, Rudrapur, Udham Singh Nagar, Uttrakhand- 263153 |

Timing of the Hearing- October 18, 2023 from 2.30 PM

The SCN issued is already been published on www.sebi.gov.in under the section 'Enforcement >> Unserved Summons/Notices'. The Noticees may download the same and/or obtain a copy of the SCN along with Annexures from office of the Adjudicating Officer at Securities and Exchange Board of India, Securities and Exchange Board of India,Northern Regional Office,8th floor, Plate B, Tower 1,NBCC Complex East Kidwai Nagar, New Delhi - 110023or may drop an e-mail to anupams@sebi.gov.in and virsahabs@sebi.gov.in .

Place: Delhi
Date: 03.10.2023

Vir Sahab Singh
Deputy General Manager

cbc. 15204/11/0175/2324

# गृह मंत्री अमित शाह से मिले सीएम धामी

## सात अक्तूबर को उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिये अमित शाह का दौरा प्रस्तावित भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री,पार्टी के सभी पदाधिकारियों, सांसदों व मंत्रियों के साथ होगी बैठकें



देहरादून/नई दिल्ली(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात कर उनसे उत्तराखण्ड में दिसंबर माह में आयोजित हो रहे ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट एवं जोशीमठ आपदा सहित राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री को दिसंबर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट तथा नवंबर में आपदा प्रबंधन पर आयोजित होने वाले छठे वैश्विक सम्मेलन में शामिल होने का अनुरोध भी किया। वहीं उत्तराखंड में सात अक्तूबर को मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक नरेंद्रनगर में होगी। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात अक्तूबर को भाजपा प्रदेश मुख्यालय भी आएंगे। मुख्यालय में तीन घंटे वह पार्टी पदाधिकारियों व सरकार के मंत्रियों के साथ ही सांसदों के साथ तीन अलग-अलग बैठकों में चर्चा करेंगे और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार और संगठन की नब्ज टटोलेंगे। भाजपा दफ्तर में आने से पहले शाह नरेंद्रनगर में मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस में शामिल होंगे। प्रदेश सरकार को शाह के दौरे का कार्यक्रम प्राप्त हो गया है। इधर दौरा तय होते ही भाजपा प्रदेश संगठन शाह के स्वागत की तैयारियों में जुट गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, दो प्रमुख कार्यक्रमों से फारिग होने के बाद शाह शाम पौने पांच बजे प्रदेश मुख्यालय पहुंचेंगे। यहां उनकी पार्टी पदाधिकारियों के साथ तीन अलग बैठकें रखी गईं हैं। पार्टी ने बैठकों का प्रस्तावित कार्यक्रम बनाकर गृह मंत्री के कार्यालय को भेज दिया है। वहां से तय होने के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत पहली बैठक प्रदेश पदाधिकारियों, प्रदेश के मोर्चों के साथ हो सकती है। दूसरी बैठक संगठन के प्रांतीय नेताओं, कोर ग्रुप के सदस्यों व सरकार के मंत्रियों के साथ प्रस्तावित है और तीसरी बैठक पार्टी के सभी पदाधिकारियों के साथ होगी। इन सभी बैठकों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी समेत सभी प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धः रेखा आर्या

बाजपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार में कैबिनेट म मंत्री रेखा आर्य जनपद उधमसिंह नगर के बाजपुर पहुंची जहां उन्होंने जनपद उधमसिंह नगर के बाजपुर में अंत्योदय परिवारों को मुफ्त गैस रिफिल सिलेंडर कार्यक्रम के तहत भाजपा पार्टी है।आज हमारे गरीब तबके के लिए अगर शौचालय,स्वछता, बिजली,हर घर जल नल योजना सहित कई योजनाएं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में ही साकार हुई हैं।साथ ही उन्होने कहा कि आज है।हमने जो कहा उसे किया है।आज हमारे गरीब माताओं -बहनों को जिस तरीके से पहले धुंए में रहना पड़ता था उसकी चिंता करते उन सभी को धुँवा रहित करने का काम किया है।आज खाद्य विभाग व सरकार की तरफ से हर वर्ष में गरीब इसी हफ्ते जारी कर दिया जाएगा।सरकार व खाद्य विभाग राशन डीलरों के साथ है हम कभी उनका अहित नही चाहेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर भट्ट,जिला मंत्री विकास गुप्ता,मंडल महामंत्री नरेन्द्र





लाभार्थियों को मुफ्त सिलेंडर का वितरण किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये भारतीय जनता पार्टी ही है जो कहती है वह करती है।आज अगर गरीबों की किसी पार्टी ने फिक्र की है तो वह सिर्फ माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में देश एवं प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है।अगर आज किसी ने गरीबो के हितों के बारे में सोचा है तो वह भारतीय जनता पार्टी परिवारों को साल में 3 गैस निःशुल्क की सुविधा दी जा रही है,जिसे की वर्ष 2022 में शुरू किया था। वहीं उन्होंने राशन डीलरों के बारे में बात करते हुए कहा कि उनकी लाभांश का जो बकाया पैसा है उसे चौधरी ,मंडल मंत्री कन्नू जोशी,मंडल महामंत्री वीरेंद्र बिष्ट ,एसडीएम राकेश तिवारी, उपायुक्त खाद्य विपिन कुमार, डीपीओ उदय प्रताप सहित विभागीय अधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एएनटीएफ व पुलिस टीम ने दबोचा स्मैक तस्कर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एएनटीएफ तथा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक स्मैक तस्कर को 12.70 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हरपाल सिंह प्रभारी एएनटीएफ तथा उप निरीक्षक मंजू ज्याला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा टनकपुर तिराहा चौकी राजपुरा के पास चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया।



पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राजेश कुमार पुत्र रामकरण साहू निवासी लाइन नंबर 12 राजपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 12.70 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह स्मैक बनभूलपूरा से किसी व्यक्ति से खरीदकर लाता है और हल्द्वानी व राजपुरा क्षेत्र में बेचकर अधिक पैसे कमाने के लालच में यह काम करता है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त स्मैक तस्करी में पहले भी कई बार जेल जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक मंजू ज्याला, कानि. अमनदीप, राजेंद्र जोशी, सुरेश देवडी शामिल थे। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर राजेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर मे संकुल बरखेड़ा के संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री परशुराम दिवाकर प्रधानाचार्य एवं श्री मनोहर लाल खेल प्रभारी संकुल बरखेड़ा ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग-50 मी0 दौड़ में सुहेल, रा0 प्रा0 विद्यालय कुईखेड़ी ने प्रथम स्थान,100मी0 दौड़ उवेश, राप्राविद्यालय कुईखेड़ी ने प्रथम स्थान, 400मी0 दौड़ ,समद,यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में,सुहेल रा0प्रा0 विद्यालय कुईखेड़ी ने प्रथम स्थान ऊंची कूद में,फैजान,यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया ने प्रथम स्थान ,खो-खो में यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।जूनियर वर्ग-100 मी0 दौड़ में संदीप,रा0 पूर्व मा0 विद्यालय बरेली नगर ने प्रथम स्थान,200 मी0 दौड़ में गुरप्रीत सिंह, सनराइज पब्लिक स्कूल सकैनिया ने प्रथम स्थान,400मी0 दौड़ में विक्की,यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया



ने प्रथम स्थान ,चक्का फेक में सुमित, शान्ति प्रसाद मा0 जू0हा0 सकैनिया ने प्रथम स्थान, गोला फेक में गुरप्रीत रा0पूर्व मा0विद्यालय बरेली नगर ने प्रथम स्थान, ऊंची कूद में अनस, यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कबड्डी प्रतियोगिता में सनराइज पब्लिक स्कूल सकैनिया विजेता तथा यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया उपविजेता रहे।खो-खो में यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया विजेता तथा शान्ति प्रसाद मा0 जूनियर हा0 उपविजेता रहे । मंच संचालन प्रशांत कुमार सिंह, तथा लेखा कार्य रमा छाबड़ा एवं कविता वर्मा ने किया। इस अवसर पर अध्यकान्त अग्रवाल,राजेन्द्र सिंह,पंकज सिंह,डी पी सिंह, जफरुद्दीन ,अशोक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# घायल गौ वंश का गौ रक्षा दल ने किया ईलाज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर रूद्रपुर हाईवे पर प्रतिदिन कई गोवंश दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो हैं जिनका इलाज गौर रक्षा दल समिति, हल्दी द्वारा किया जा रहा है। बीते दिवस भी समिति से जुड़े सदस्यों ने घायल गौवंश का उपचार किया। इस दौरान गौ रक्षा दल के पवन दुबे ने कहा कि समिति के सदस्य अपने स्तर से गौ वंश का ईलाज आदि का खर्च उठाते हैं इनके लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग मिलना बहुत जरूरी है। जो कार्य स्थानीय प्रशासन को करना चाहिए वह कार्य यह बच्चे कर रहे हैं। इस दौरान गौ रक्षा दल के धीरज बंसल, राहुल कुमार, सूरज बंसल, नीरज टाक, शिवम कालिया, धीरज टाक, शिवा राजपुत, अतुल राय और मन्नू चौधरी आदि भी थे।



# रामलीला कमेटी की संपत्तियों को खुर्द बुर्द करने की हो रही कोशिश : जोशी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर की लगभग 140 वर्ष पुरानी श्री रामलीला कमेटी की संपत्तियों को कुछ लोगों द्वारा षड्यंत्र रचकर खुर्द बुर्द करने की कोशिश की जा रही है। पत्रकारों से बातचीत करते श्री रामलीला कमेटी बचाओ संघर्ष समिति के सह संयोजक पंडित मदन मोहन जोशी ने कहा कि अगस्त 2016 से भंग प्राचीन श्री रामलीला कमेटी रामलीला मैदान हल्द्वानी को सिटी मजिस्ट्रेट / रिसीवर द्वारा संचालन किया जा रहा है। जोकि जनभावनाओं के विपरित है। उन्होंने कहा लगभग 7 वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी अभी तक श्री रामलीला कमेटी हल्द्वानी के चुनाव कमेटी के संविधान के अनुसार नहीं कराये गये है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शहर के कुछ भू माफिया विगत कई दशकों से श्री रामलीला कमेटी को खत्म कर अपना वर्चस्व इस धार्मिक संस्था में करने हेतु प्रयासरत है। लगभग 140 वर्षों से अधिक प्राचीन श्री रामलीला कमेटी सभी हिन्दू वर्गों द्वारा संचालित की जाती रही है। इस कमेटी में सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाले सभी वर्गों को सम्मिलित करने का अधिकार कमेटी के संविधान के अनुसार दिया गया है। कमेटी के संविधान के अनुरूप शीघ्र अतिशीघ्र चुनाव कराने व अन्य विषयों को लेकर श्री रामलीला कमेटी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक सन्तोष कबडवाल द्वारा एक याचिका उच्च न्यायालय नैनीताल में दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई गयी है। जिसमें जिलाधिकारी नैनीताल, डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म



सोसाइटी एण्ड चिट्स नैनीताल, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी / रिसीवर श्री रामलीला कमेटी तथा मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी को पार्टी बनाया गया है। याचिका उच्च न्यायालय नैनीताल में विचाराधीन है। कुछ षड़यन्त्रकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से शहर की सबसे प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पर अवैध ट्रस्ट बनाकर अनधिकृत रूप से कब्जा कर रामलीला कमेटी की बहुमूल्य सम्पत्तियों को खुर्द बुर्द करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर मजिस्ट्रेट की इस संदर्भ में सौंपे ज्ञापन में कहा है कि श्री रामलीला कमेटी हिन्दूओं के सभी वर्गों के आस्था का केन्द्र है और सबसे प्राचीन श्री रामलीला कमेटियों में से एक है जो कि एक संविधान से संचालित एक पंजीकृत कमेटी है जिसमें चुनाव को लेकर मामला पूर्व से ही उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उसके बाद शहर में इस प्रकार की चर्चा प्रशासन की नियत पर सवालिया निशान पैदा करती है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट से मांग की है कि सभी सनातनी हिन्दूओं की प्राचीन विरासत की रक्षा हेतु एवं उच्च न्यायालय में लम्बित प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुये जनता के सामने श्री रामलीला कमेटी की स्थिति स्पष्ट करें तथा अतिशीघ्र श्री रामलीला कमेटी के चुनाव कमेटी के संविधान के अनुरूप कराने का कष्ट करें ताकि शहर में शान्ति व्यवस्था बनी रहे। वार्ता के दौरान गोबिंद बगड़वाल, नवीन पांडे सन्नू आदि मौजूद थे।

# दीपावली से पहले 2000 परिवारों को मिलेगा फ्रीहोल्ड का तोहफा

## जिलाधिकारी ने बैठक में फ्री-होल्ड हेतु तैयार 513 पत्रावलियों पर हस्ताक्षर कराये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नजूल भूमि पर काबिज निर्धन परिवारों की 50 वर्ग मीटर तक की भूमि को नि:शुल्क फ्री-होल्ड कराने के लिए जिलाधिकारी उदयराज सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन तथा नगर निगम की टीम द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंशा के अनुरूप सरकार जनता के द्वार पहुँचकर व सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण के मंत्र पर कार्य करते हुए घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों की पत्रावलियां तैयार कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पत्रावलियां मौके पर ही तैयार कराने हेतु स्टाम्प, नोटरी तथा फोटो कॉपी की नि:शुल्क व्यवस्था के साथ घर-घर जाकर पत्रावलियां तैयार कराई जा रही हैं और पत्रावलियां तैयार कराने में सम्बन्धित निर्धन व्यक्ति का एक भी पैसा खर्च नहीं हो रहा है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नजूल भूमि फ्री-होल्ड के समबन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय सभागार में ली। जिलाधिकारी ने बैठक में ही सम्बन्धित अधिकारियों से फ्री-होल्ड हेतु तैयार



513 पत्रावलियों पर अपने सम्मुख हस्ताक्षर कराये। डीएम ने कहा कि सरकार जिस स्पीड से जनता को लाभ पहुँचाना चाहती है, जिला प्रशासन भी उसी स्पीड से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि फ्री-होल्ड की कार्यवाही में लगे सभी विभाग आपसी समन्वय और पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 513 पत्रावलिया तैयार हो चुकी हैं तथा आगामी 10 दिन के भीतर 500 पत्रावलियां और तैयार हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि कम से कम 2000 परिवारों को दीपावली से पहले लाभांवित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक मिलने से व्यक्ति की हैसियत बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि 50 वर्ग मीटर के लगभग सभी भू-खण्डों की वर्तमान समय में कम से कम 13 लाख रूपये की कीमत है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति रोजगार हेतु बैंकों से आसानी से ऋृण ले सकेंगे। मलिकाना हक मिलने के पश्चात पीएम आवास योजना शहरी के अन्तर्गत भी लाभ उठा सकेंगे और इसके साथ ही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को आसानी से लाभ उठा सकेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकारण हरीश चन्द्र काण्डपाल, अपर जिलाधिकारी नजूल एवं प्रशासन जय भारत सिंह, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# वैश्विक आपदा प्रबंधन सम्मेलन में होगा चुनौतियों पर मंथन

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने नवंबर माह में उत्तराखण्ड में प्रस्तावित 6वें वैश्विक आपदा प्रबंधन सम्मेलन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन दिनांक 28 नवंबर से 01 दिसंबर 2023 तक देहरादून में उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, डी.एम.आई.सी.एस. हैदराबाद



तथा उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यू कॉस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। 6वें वैश्विक आपदा प्रबंधन सम्मेलन का उद्देश्य हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोध की चुनौतियों पर चर्चा एवं उनका समाधान करना है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश एवं दुनिया भर के विशेषज्ञों के बीच मंथन होगा। सचिव द्वारा राज्यपाल को इस सम्मेलन के समापन समारोह हेतु बतौर मुख्य अतिथि हेतु आमंत्रण भी दिया गया।

# पत्रकार प्रेस परिषद के सदस्यों को बीमा पॉलिसी और परिचय पत्र वितरित

खटीमा(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को मुख्य अतिथि तहसीलदार हिमांशु बिष्ट कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी एवं नैनीताल जिलाध्यक्ष उर्वादत्त भट्ट ने परिचय पत्र एवं सवा दो लाख रूपये की बीमा पॉलिसी के बॉड वितरित किये। इस अवसर पर तहसीलदार हिमांशु बिष्ट ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद द्वारा अपने सदस्यों को सवा दो लाख रूपये का बीमा पॉलिसी सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि पत्रकार दिन भर जान जोखिम में डालकर पत्रकारिता करते हैं। ऐसे में पत्रकारों का निश्चित रूप से बीमा होना चाहिए। अन्य पत्रकार संगठनों को भी पत्रकार प्रेस परिषद से प्रेरणा लेनी चाहिए। तहसीलदार ने कहा कि आज पत्रकारिता का स्वरूप बदल गया है। सोशल मीडिया का प्रभाव पत्रकारिता पर भी पड़ा है। लेकिन






पत्रकारिता लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पहले भी समाज में अपनी भूमिका का अच्छी तरह निर्वहन कर रही थी और आज भी लोकतंत्र का यह स्तम्भ मजबूती के साथ अपनी जिम्मेवारी निभा रहा है। उन्होंने मीडिया कर्मियों से निष्पक्ष होकर पत्रकारिता करने का आहवान किया। कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद पहला ऐसा संगठन है जो अपने सदस्यों को बीमा पॉलिसी दे रहा है। इसके साथ साथ अपने सदस्यों के साथ परिषद हमेशा खड़ा है। किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न होने की स्थिति में पत्रकार प्रेस परिषद कोई भी लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटता। उन्होंने कहा कि जिले में परिषद की कई इकाईयों का गठन जल्द ही किया जाएगा। कहा कि संगठन से बड़ी संख्या में पत्रकार जुड़ते जा रहे हैं। आने वाले दिनों में संगठन प्रदेश में सबसे बड़े संगठन के रूप में उभरेगा। नैनीताल जिलाध्यक्ष उर्वादत्त भट्ट ने भी पत्रकारों की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज पत्रकार अलग अलग संगठनों में बिखरे हुए हैं इसीलिए पत्रकारों की समस्याओं को शासन गंभीरता से नहीं लेता। इस अवसर पर पत्रकारों की समस्याओं पर भी चर्चा की गयी और खटीमा में प्रेस क्लब भवन, सहायक सूचना अधिकारी की तैनाती, एवं तहसील स्तर पर मान्यता दिलाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर खटीमा इकाई अध्यक्ष अशोक सरकार , दीपक यादव , सलीम,भरत सिंह चुफाल, गुड्डू खान, अनुज शर्मा, सुन्दर बहादुर, गणेश पुजारा, टोनी बर्मा, हेमन्त, माया शंकर, विजय, अमित,अमीर रजा, अमीर अंसारी, सकील और फैजान फैजान सहित दर्जनों पत्रकार बैठक में उपस्थित थे।




उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मरीजों का मौत और अव्यवस्थायें

इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि लोग किसी बीमारी या आपात अवस्था में इलाज और जान बचाने की भूख में अस्पताल का रुख करें, लेकिन वहां एक तरह से मौत बंट रही हो! महाराष्ट्र में नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में बीते दो दिनों में जैसा मंजर सामने आया, वह अपने आप में यह बताने के लिए काफी है कि जहां मरीजों की जान बचाना सबसे बड़ा दायित्व होना चाहिए, वहां लापरवाही का आलम एक त्रासदी खड़ी कर रहा है। गौरतलब है कि नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में इकतीस लोगों की मौत हो गई, जिनमें सोलह बच्चे थे। एक ओर एक-एक करके मरीजों की जान जाती रही और दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन की लापरवाही कायम रही। जिस स्थिति पर अस्पताल प्रशासन को जवाब देना चाहिए, उस पर यह अफसोसनाक प्रतिक्रिया आई कि वहां न दवाइयों की कमी है, न डाक्टरों की। सटीक इलाज के बावजूद मरीजों पर कोई असर नहीं हुआ। बच्चों की मौत के मामले में एक तरह से रटा-रटाया जवाब पेश किया गया कि उनकी स्थिति पहले से ही बेहद कमजोर थी और उनका वजन कम था। हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नांदेड़ के बाद नागपुर के भी एक सरकारी अस्पताल में चौबीस घंटों में कई लोगों के मरने की खबर आई। सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में मरीजों की मौत को क्या स्वाभाविक घटना मान लिया जाए? अगर किसी अस्पताल में दो दिनों के भीतर इतनी संख्या में लोगों की मौत होती है तो क्या यह किसी अव्यवस्था और लापरवाही का नतीजा नहीं है? जब मामले ने तूल पकड़ लिया तब सरकार की ओर से इसकी जांच कराने की बात कही गई है। लेकिन क्या यह राज्य में इस तरह की कोई पहली घटना है? ज्यादा दिन नहीं हुए जब महाराष्ट्र के ही ठाणे जिले के एक अस्पताल में अड़तालीस घंटे में अठारह लोगों की मौत हो गई थी। आखिर सबक लेने के लिए कितनी घटनाओं की जरूरत होती है? इस तरह की हर घटना के बाद यह सफाई दी जाती है कि मरीज की बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंच गई थी। नांदेड़ के जिस अस्पताल में मरीजों के मरने की घटना सामने आई है, वह करीब अस्सी किलोमीटर के दायरे में एकमात्र सरकारी अस्पताल है और वहां दूर-दूर से मरीज इलाज के लिए आते हैं। अगर किसी वजह से मरीजों की संख्या बढ़ जाती है तो दवा और अन्य संसाधनों के मामले में समस्या खड़ी हो जाती है। आरोप यहां तक सामने आए कि तपेदिक के मरीजों को अपने स्तर ही दवा खरीद कर खाने के लिए कहा जाता है। सवाल है कि ऐसी स्थिति में किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी? यों महाराष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को अपेक्षया बेहतर स्थिति में माना जाता रहा है। लेकिन विपक्षी दल आरोप लगाते हैं कि पिछले एक साल से स्थिति तेजी से बिगड़ती गई है और आज स्वास्थ्य विभाग सबसे उपेक्षित महकमों में गिना जाता है। कोई भी अस्पताल लोगों का जीवन बचाने के लिए होता है। अगर वहां एक साथ इतनी संख्या में लोगों की जान जाने लगे तो इसके पीछे अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही, संसाधनों का अभाव, डाक्टरों की कमी आदि बहुस्तरीय समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन इस तरह अप्रत्याशित तरीके मरीजों की जान जाने की घटनाएं अक्सर सामने आने के बावजूद सरकार को यह सुनिश्चित करना जरूरी नहीं लगता कि उचित इलाज और जीवन रक्षा की जगहों को ऐसी त्रासद जगहों के रूप में तब्दील होने से हर हाल में बचाया जाए।

# युवक की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

## सिर में गोली मारकर की गई थी अतेंदर पाल की निर्मम हत्या

रूद्रपुर(उद संवाददाता) । पुरानी रंजिश के चलते युवक की गोली मारकर निर्मम हत्या करने के आरोप में तीन लोगों को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील तोमर ने गुरुवार को खुली अदालत में आजीवन कारावास और पाँच-पाँच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीपक अरोरा ने बताया कि रूद्रपुर कोतवाली क्षेत्रा अन्तर्गत ग्राम फौजी मटकोटा निवासी राकेश कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने 30.09.2017 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती शाम करीब 8 बजे वह अपने बड़े भाई अतेनदर पाल सिंह एवं चचेरे भाई संजीव पाल सिंह के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपनी फर्नीचर की दुकान पर जा रहे थे कि फौजी मटकोटा मोड़ पर कोल्हू के पास पहले से हथियारों से लैस मौजूद विनित पुत्र छत्रपाल,वीरे पुत्र हुसनलाल व डम्पी धामा पुत्र कुवंर पाल ने रोककर पिस्तौल व तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी ।तीनों जान बचाने के लिए गॉव की तरफ भागे तो तीनों ने पीछा कर अतेंदर पाल को पकड़ कर जमीन पर लिटा लिया और उसके सिर में गोली मार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी , शोर मचाने पर तीनों हमलावर वहाँ से भाग गए । पुलिस ने तीनों के विरूद्ध हतया के आरोप में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी और 02.10.2017 को विनित व वीरे को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर तमंचे बरामद कर उनको जेल भेज दिया,पुलिस ने दोनों के ही विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था ।मुकदमा प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील तोमर की अदालत में चला जिसमें सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीपक अरोरा ने 14 गवाह पेश किए,गवाही के दौरान डम्पी धामा का नाम हत्या करने वालों में शामिल होने के कारण कोर्ट ने धारा 319 सीआरपीसी के अन्तर्गत तलब किया ।कोर्ट् ने तीनों को अतेन्दर पाल सिंह की हत्या करने का आरोपी मानते हुए सजा के प्रश्न पर सुना जिसके बाद प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील तोमर ने गुरुवार दोपहर खचाखच भरी खुली अदालत में तीनों को हत्यारा घोषित करते हुए धारा 302/34 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास और पाँच-पाँच हजार रुपये जुर्माने तथा विनित व वीरे को धारा 25 शस्त्र अधिनियम के तहत एक-एक वर्ष के कठोर कारावास और एक-एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी।

## मुरादाबाद से भगाई गई किशोरी काशीपुर से बरामद,युवक दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र से लगभग दो माह पूर्व बहला फुसलाकर भगाई गई एक किशोरी को पुलिस ने देर रात काशीपुर के टांडा उज्जैन क्षेत्र से बरामद कर लिया। ताबड़तोड़ कार्यवाही के दौरान पुलिस ने आरोपी युवक को भी मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री से दबोच लिया। यूपी पुलिस द्वारा दोनों को देर रात मझोला ले जाया गया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। जानकारी के मुताबिक मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी एक युवक ने मोहल्ले के ही एक नाबालिक किशोरी को लगभग दो माह पूर्व प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले गया। युवक के इस षड्यंत्र में उसके परिजन शामिल बताए गए। घटना के तत्काल बाद परिवार ने पैतृक घर छोड़ दिया और गुपचुप तरीके से काशीपुर आकर कलश मंडप के समीप किराए के कमरे में रहने लगे। बताया जा रहा है कि यूपी पुलिस का अत्यधिक दबाव बनने पर आरोपी परिवार ने पुलिस से बचने के लिए ठिकाना बदलना शुरू कर दिया। दो दिन पूर्व आरोपी परिवार टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में एक किराए के कमरे में रहने के लिए आया। इस दौरान बुधवार की देर रात यूपी पुलिस ने घर में दबिश देकर किशोरी को बरामद करते हुए मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले आरोपी युवक को भी धर दबोचा। पता चला है कि आरोपी युवक का पिता जरूरी कार्य वश मंगलवार को अपने पैतृक घर जयंतीपुर गया था इस दौरान कन्या पक्ष को भनक लगने पर उन्होंने पुलिस की मदद से आरोपी के पिता को दबोच लिया। पुलिस ने जब आरोपी युवक के पिता के साथ सख्ती की तो उसने यूपी पुलिस को काशीपुर लाकर भगाई गई किशोरी तथा अपने पुत्र को कानून के हवाले कर दिया।

## तमंचा कारतूस सहित बदमाश गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक बदमाश को अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाध्यक्ष रमेश बोहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चौंकिग के दौरान देवाशीष पुरम मोड़ के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता नवीन सिंह



मेहरा पुत्र सुरेश सिंह मेहरा निवासी ग्राम टुनाकोट शेरा तहसाली रानीखेत अल्मोड़ा हाल निवासी निकट स्कॉर्लस स्कूल संगम बिहार फेज-05 मुखानी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देसी तमंचा तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार नवीन पूर्व में कोतवाली हल्द्वानी से जेल जा चुका है तथा 04 माह पूर्व जेल से रिहा हुआ है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उनि. अनिल कुमार, चौकी प्रभारी आम्रपाली, कानि. महबूब अली व रविन्द्र खाती शामिल थे।

# संयुक्त राष्ट्र में बदलाव जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन संयुक्त राष्ट्र संघ में सुधारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'विश्व को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने के लिए आवश्यक है कि दुनिया की व्यवस्थाएं वास्तविकताओं के अनुकूल होनी चाहिए। मोदी ने 'एक भविष्य' सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह ॐप्रकृति का नियम है कि जो व्यक्ति और संस्था समय के साथ स्वयं में बदलाव नहीं लाते हैं, वह अपना वजूद खत्म कर देते हैं। यह समय की मांग है कि प्रत्येक वैश्विक संस्था को अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए समय के अनुरूप सुधार करना जरूरी है। इसी सोच के साथ हमने अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थाई सदस्य बनाने की पहल की है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के समय का विश्व आज बहुत बदल गया है। तब सिर्फ 51 संस्थापक सदस्य देश थे। लेकिन आज इसमें शामिल देशों की संख्या 200 हो चुकी है। इसके बावजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थाई सदस्य देशों की संख्या उतनी ही है, जितनी इसकी स्थापना के समय थी। जबकि दुनिया बहुत बदल चुकी है। परिवहन, संचार, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे हर क्षेत्र का कायाकल्प हो चुका है। ये नई वास्तविकताएं हमारे नए वैश्विक ढांचे में दिखनी चाहिए।' इसलिए आज पूरे विश्व समुदाय के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा हुआ है कि जिस संस्था का गठन तब की परिस्थितियों में हुआ था, उसका स्वरूप क्या आज भी प्रासंगिक है ? साफ है, संयुक्त राष्ट्र को गंभीर आत्ममंथन की जरूरत के साथ पर्याप्त सुधारों की दरकार है। नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र की कार्य-संस्कृति पर प्रश्न-चिन्ह लगाकर नसीहत दी है कि यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में महत्वहीन होती चली जाएगी और फिर इसके सदस्य देशों को इसकी जरूरत ही नहीं रह जाएगी। भारत जैसे देश को संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता से बाहर रखते हुए इस संस्था ने जता दिया है कि वहां चंद अलोकतांत्रिक या तानाशाह की भूमिका में आ चुके देशों की ही तूती बोलती है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्य के रूप में भारत 1 जनवरी 2021 से दो साल के लिए चुन लिया गया है। भारत समेत कई देश इसमें सुधारों की मांग कर रहे हैं। परिषद् में स्थाई सदस्यता पाने के लिए भारत के दावे को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस व रूस समेत कई देश अपना समर्थन दे चुके हैं। लेकिन चीन के वीटो पावर के चलते भारत परिषद् का स्थायी सदस्य नहीं बन पा रहा है। चीन के अलावा वीटो की हैसियत अमेरिका, ब्रिटेन, फांस और रूस रखते हैं। लेकिन संयुक्त राष्ट्र की उम्र 75 वर्ष से अधिक हो चुकने के बावजूद इसके मानव कल्याण से जुड़े लक्ष्य अधूरे हैं। इसकी निष्पक्षता भी संदिग्ध है। इसीलिए वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापित करने और आतंकी संगठनों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है। इसीलिए आतंक समर्थित चीन के रुख पर अमेरिका ने चेतावनी दी है कि अगर चीन आतंकी संगठनों और सरगनाओं को प्रोत्साहित करता रहा तो सुरक्षा परिषद् के शेष सदस्यों को नए कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। अमेरिका की यह चेतावनी स्पष्ट संकेत है कि संयुक्त राष्ट्र का औचित्य अप्रासंगिक हो रहा है। लिहाजा पुनर्गठन जरूरी है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद शांतिप्रिय देशों के संगठन के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् का गठन हुआ था। इसका अहम् मकसद भविष्य की पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका और आतंकवाद से सुरक्षित रखना था। इसके सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन को स्थायी सदस्यता प्राप्त है। याद रहे चीन जवाहरलाल नेहरू की अनुकंपा से ही सुरक्षा परिषद् का सदस्य बना था। जबकि उस समय अमेरिका ने सुझाया था कि चीन को संयुक्त राष्ट्र में नहीं लिया जाए और भारत को सुरक्षा परिषद् की सदस्यता दी जाए। लेकिन अपने उद्देश्य में परिषद् को पूर्णतः सफलता नहीं मिली। भारत का दो बार पाकिस्तान और एक बार चीन से युद्ध हो चुका है। इराक और अफगानिस्तान, अमेरिका और रूस के जबरन दखल के चलते युद्ध की ऐसी विभीषिका के शिकार हुए कि आज तक उबर नहीं पाए हैं। इजराइल और फिलींस्तान के बीच युद्ध एक नहीं टूटने वाली कड़ी बन गया है। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले डेढ़ साल से युद्ध चल रहा है। लेकिन इस युद्ध को खत्म करने की दृष्टि से संयुक्त राष्ट्र की कोई प्रभावशाली भूमिका अबतक दिखाई नहीं दी है। अनेक इस्लामिक देश गृह-कलह से जूझ रहे हैं। उत्तर कोरिया और पाकिस्तान बेखौफ परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। दुनिया में फैल चुके इस्लामिक आतंकवाद पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। साम्राज्यवादी नीतियों के क्रियान्वयन में लगा चीन किसी वैश्विक पंचायत के आदेश को नहीं मानता। इसका उदाहरण अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने पर चीन का बार-बार वीटो का इस्तेमाल करना है। जबकि भारत विश्व में शांति स्थापित करने के अभियानों में मुख्य भूमिका का निर्वाह करता रहा है। बावजूद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी एवं सामुदायिक बहुलता वाला देश सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य नहीं है। भारत में दुनिया की 18 फीसदी आबादी रहती है। साफ है, संयुक्त राष्ट्र की कार्य-संस्कृति निष्पक्ष नहीं है। कोरोना महामारी के दौर में विष्व स्वास्थ्य संगठन की मनवतावादी केंद्रीय भूमिका दिखनी चाहिए थी, लेकिन वह महामारी फैलाने वाले दोषी देश चीन के समर्थन में खड़ा नजर आया। अलबत्ता सुरक्षा परिषद् की भूमिका वैश्विक संगठन होने की दृष्टि से इसलिए महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि उसके अजेंडे में प्रतिबंध लागू करने और संघर्ष की स्थिति में सैनिक कार्रवाई की अनुमति देने के अधिकार शामिल हैं। इस नाते उसकी मूल कार्यपद्धति में शक्ति-संतुलन बनाए रखने की भावना अंतर्निहित है। लेकिन वह इन प्रतिबद्धताओं को नजरअंदाज कर रहा है, गोया संस्था के प्रति विश्वास का संकट गहराया हुआ है। नतीजतन इसमें सुधार की जरूरत महसूस की जा रही है। 1945 में परिषद् के अस्तित्व में आने से लेकर अब तक दुनिया बड़े परिवर्तनों की वाहक बन चुकी है। इसीलिए भारत लंबे समय से परिषद् के पुनर्गठन का प्रश्न परिषद् की बैठकों में उठाता रहा है। कालांतर में इसका प्रभाव यह पड़ा कि संयुक्त राष्ट्र के अन्य सदस्य देश भी इस प्रश्न की कड़ी के साझेदार बनते चले गए। परिषद् के स्थायी व वीटोधारी देशों में अमेरिका, रूस और ब्रिटेन भी अपना मौखिक समर्थन इस प्रश्न के पक्ष में देते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के 200 सदस्य देशों में से दो तिहाई से भी अधिक देशों ने सुधार और विस्तार के लिखित प्रस्ताव को मंजूरी 2015 में दे दी है। इस मंजूरी के चलते अब यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के अजेंडे का अहम् मुद्दा बन गया है। नतीजतन अब यह मसला एक तो परिषद् में सुधार की मांग करने वाले भारत जैसे चंद देशों का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि महासभा के सदस्य देशों की सामूहिक कार्यसूची का प्रश्न बन गया है। अमेरिका ने शायद इसी पुनर्गठन के मुद्दे का ध्यान रखते हुए सुरक्षा परिषद् में नई पहल करने के संकेत दिए हैं। यदि पुनर्गठन होता है तो सुरक्षा परिषद् के प्रतिनिधित्व को समतामूलक बनाए जाने की उम्मीद बढ़ जाएगी। इस मकसद पूर्ति के लिए परिषद् के सदस्य देशों में से नए स्थायी सदस्य देशों की संख्या बढ़ानी होगी। यह संख्या बढ़ती है तो परिषद् की असमानता दूर होने के साथ इसकी कार्य-संस्कृति में लोकतांत्रिक संभावनाएं स्वतः बढ़ जाएंगी। परिषद् की 69वीं महासभा में इन प्रस्तावों का शामिल होना, बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि तो थी, लेकिन परिणाम भारत और इसमें बदलाव की अपेक्षा रखने वाले देशों के पक्ष में आएगें ही, इसमें संदेह है। असमानता दूर करने के लिए उचित प्रतिनिधित्व हेतु सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने से जुड़े मामलों पर लंबी चर्चा होगी। इस सभा में बहुमत से पारित होने वाली सहमतियों के आधार पर 'अंतिम अभिलेख' की रूपरेखा तैयार होगी। किंतु यह जरूरी नहीं कि यह अभिलेख किसी देश की इच्छाओं के अनुरुप ही हो ? क्योंकि इसमें बहुमत से लाए गए प्रस्तावों को खारिज करने का अधिकार पी-5 देशों को है। ये देश किसी प्रस्ताव को खारिज कर देते हैं तो यथास्थिति और टकराव बरकरार रहेंगे। साथ ही यदि किसी नए देश को सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता मिल भी जाती है तो यह प्रश्न भी कायम रहेगा कि उन्हें वीटो की शक्ति दी जाती है अथवा नहीं ? हालांकि भारत कई दृष्टियों से न केवल सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता की हैसियत रखता है,बल्कि वीटो-शक्ति हासिल कर लेने की पात्रता भी उसमें है। क्योंकि वह दुनिया का सबसे बड़ा धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश है। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, यूनिसेफ और शांति सेना जैसे संगठन काम करते हैं। लेकिन चंद देशों की ताकत के आगे ये संगठन नतमस्तक होते दिखाई देते है। इसीलिए शांति सेना की विश्व में बढ़ते सैनिक संघर्षों के बीच कोई निर्णायक भूमिका दिखाई नहीं दे रही है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय जरूर युद्ध में अत्याचारों से जुड़े कई दशकों पुराने अंतरराष्ट्रीय विवादों में न्याय देता दिख रहा है। परंतु संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक संगठन जी-20, जी-8, आसियान और ओपेक जैसे संगठन विभाजित दुनिया के क्रम में लाचारी का अनुभव कर रहे है। अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों द्वारा इन्हें दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती कर दिए जाने के कारण भी इनका भविष्य संकट में है। इन सब खतरों के चलते इस वैश्विक मंच की विश्वसनीयता संकट में है, लिहाजा इसमें पर्याप्त सुधारों की तत्काल जरूरत है।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# बच्चों को उनके अधिकार व सुरक्षा के प्रति जागरूक होना जरूरी: सचिन

## 19 अक्टूबर तक चलेगा बाल अधिकार व सुरक्षा जागरूकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में बच्चों को उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जगरूक होना आवश्यक है। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज 5 अक्टूबर से आगामी 19 अक्टूबर तक बाल अधिकार एवं सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एक बातचीत के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन कुमार पाठक ने बताया कि समाज में जिस प्रकार से बच्चों का आर्थिक, मानसिक, शारीरिक शोषण हो रहा है साथ ही बच्चे नशा, अपराध की ओर बढ़ रहे हैं वह समाज के लिए बेहद चिंता का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा जनपद के समस्त स्कूल, कालेजों के साथ ही सारे ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।



श्री पाठक ने कहा कि पिछले कई वर्षों से बाल श्रम, बाल विवाह, बाल उत्पीड़न, बाल अपराध, बाल शिक्षा, पोस्को, बाल अपहरण सहित कई मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। जिसका मुख्य कारण बच्चों का अशिक्षित व अपने अधिकारों के प्रति जागरूक न होंना तो है ही साथ ही अभिभावकों का अपने बच्चों की उचित देखभाल न करना भी है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में अभिभावकों को गुमराह कर बाल विवाह कर दिये जाते हैं तो कहीं बच्चें गलत संगत में पड़कर नशीले इंजेक्शन या ड्रग के चंगुल में फंस जाते हैं। जिसे रोककर बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना होगा। उन्होंने कहा कि स्कूल कालेजों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्राधिकरण टीम द्वारा बच्चों व उनके अभिवावकों को बाल अधिकार तथा बाल सुरक्षा के प्रति विस्तार से जागरूक करेगी। जिससे बच्चे समाज की मुख्य धारा से जुड़कर अपना भविष्य बेहतर बनाकर परिवार का नाम रोशन कर सकें। श्री पाठक ने बताया कि इससे पूर्व जिला विधिक सेवा प्रधिकरण द्वारा समाज के वृद्धजनों को उनके अधिकार व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया था। जिसके अच्छे परिणाम सामने आये थे।

# महाविद्यालय में जलभराव की समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। आदर्श राजकीय महाविद्याल में जल भराव की समस्या को लेकर देवभूमि फाउंडेशन द्वारा समस्या के निराकरण हेतु आदर्श महाविद्यालय के छात्रों के साथ मिलकर उप जिला अधिकारी किच्छा कौस्तुभ मिश्रा से मुलाकात कर समस्या से निजात दिलाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्षा काल में एवं आसपास की बस्ती के द्वारा जो जल इकट्ठा होता है वह आदर्श महाविद्यालय के प्रांगण में भर जाता है। जिसकी वजह जल निकासी का ना होना है। ज्ञापन में कहा गया है कि आदर्श महाविद्यालय से लेकर के हल्द्वानी रोड कली मंदिर तक जल भरा हुआ रहता है जिसकी निकासी एच पीएस स्कूल से जुड़े हुए नाले से बेनी नदी में होती है किंतु काली मंदिर के पास पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनाए गए जल निकासी के डाट बंद होने के कारण जल निकासी नहीं हो पा रही है। जिस वजह से क्षेत्र में भीषण गंदगी फैली हुई है और महामारी का डर बना हुआ है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में डेंगू मलेरिया आदि सहित तमाम बीमारियों का प्रकोप बना हुआ है। समय रहते आदर्श महाविद्यालय के प्रांगण में भरे हुए भीषण जल की निकासी नहीं की गई तो नगर क्षेत्र में महामारी फैलने का डर बना हुआ है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस प्रकार बीमारी फैलने की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी ज्ञापन में मांग की गई है कि जहां-जहां जल निकासी बंद पड़ी है वैकल्पिक तौर पर प्रशासन जल निकासी की व्यवस्था तुरंत करें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में महाविद्यालय की छात्रा रोशनी ,प्रिया कुशवाहा, गिरिजा उप्रेती, सिमरन मौर्य, पाठक, भूमिका ,आरती ,उर्मिला, नीतू, हेमलता ,दिशा ,पायल गुप्ता, गुंजन, नैना, मालिया सैफी ,वीनिश आदि सहित देव भूमि फाउन्डेशन के तमाम कार्य कर्ता मोजूद थे।



# स्मैक सहित तीन तस्कर किये गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस ने संघन चेकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने स्मैक सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों तस्करों के खिलाफ धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देशन पर थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव की पुलिस टीम ने एस आई शंकर बिष्ट,एसआई संजय कुमार, एसआई लक्ष्मण दत्त जोशी, कांस्टेबल अमित देवरानी, नवीन जोशी, लोकेश तिवारी ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस की टीम ने ग्राम पहसैनी मैं तीन व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस के वाहन को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। शक होने पर पुलिस की टीम ने वाहन से उतरे और तीनों को हिरासत में ले लिया। आरोपी जेब से पन्नी की पुड़िया फेंकने का प्रयास करने लगे पुलिस की टीम ने हाथ पकड़ लिया। तलाशी लेने पर ग्राम पहसैनी निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी के पास से 6ग्राम हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदर 6.5 ग्राम, सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा के पास से 7.5 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि तीनों तस्कर स्मैक का कारोबार करते हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों जाकर ऊंचे दामों पर बेचते हैं। पुलिस ने तीनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां उसे जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों को किसी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा।



# टीडीसी के रबी बीजों का मूल्य निर्धारण

पन्तनगर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में टी0डी0सी0 के निदेशक मण्डल उपसमिति की बैठक जिलाधिकारी/प्रबन्ध निदेशक उदय राज सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में निगम द्वारा प्रस्तावित एवं उपसमिति के सदस्यो के सुझावो के अनुसार रबी 2023-24 में गेहूँ एवं अन्य फसलो के बीजो के विक्रय दरो का अन्तिमीकरण किया गया । वर्तमान वर्ष में निगम द्वारा कृषको को उचित भुगतान दिया गया है साथ ही यह प्रयास किया गया है कि गेहूँ एवं अन्य फसलो के विक्रय दरो में गतवर्ष की तुलना में कम से कम वृद्धि हो जिससे निगम द्वारा उत्पादित उच्च गुणवत्ता युक्त 'पन्तनगर बीज' उत्तराखण्ड एवं अन्य राज्यों के किसानो को उपलब्ध हो सके। निगम द्वारा उत्तराखण्ड राज्य हेतु प्रमाणित गेहूँ बीजों की दर रू0 4260.00 प्रति कुन्तल एवं अन्य राज्यों हेतु एक्स पन्तनगर रू0 3876.00 प्रति कुन्तल (परिवहन एवं लदाई उतराई अतिरिक्त) निर्धारित की गयी है। उक्त बैठक जिलाधिकारी/प्रबन्ध निदेशक, उदय राज सिंह ने किसानो को उच्च गुवत्ता के बीजों को उपलब्ध कराने हेतु निगम अधिकारियो को निर्देशित किया है। इस अवसर पर निगम के कृषक निदेशक मुकुल माहेश्वरी, अंकुर पपनेजा, समरपाल सिंह ग्रेवाल, पन्तनगर विश्वविद्यालय से डा0 जयन्त सिंह,मुख्य महाप्रबन्धक (फार्म), महाप्रबन्धक डा0 अजय कुमार वर्मा, मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी, डा0 दीपक पाण्डेय एवं निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष...

**विकास के कीर्तिमान बना रही...**चलते उत्तराखण्ड आज विकास के कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कोने कोने तक विकास की किरण पहुंच रही है। उन्होंने कहा किसानों व्यापारियों सबके हित में सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गदरपुर में नई मण्डी खुलने से विकास की राह खुलेगी ओर यह मण्डी गदरपुर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास के लिए तत्परता से काम कर रही है। जल्द ही जिले में एम्स का काम शुरू होने वाला है। हर घर में नल का सपना साकार हो रहा है। 1100 करोड़ रूपये उधम सिंह नगर और 1000 करोड रूपये नैनीताल जिले में पेयजल के लिए मिला है। अजय भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बहुत संघर्षों के बाद इस आज इस मुकाम तक पहुंची है। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता पार्टी की कड़ी है। इससे पूर्व अजय भट्ट के नवीन मंडी पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ने नवीन मंडी स्थल के मंच से सभी व्यापारियों को बधाई दी।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने गुंजन सुखीजा ने कहा कि गदरपुर में जाम की समस्या बहुत रहती थी गदरपुर सिटी से हटकर मंडी बनने से गदरपुर को जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने बताया कि नवीन मंडी स्थल में सर्वप्रथम प्रयासरत पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का भी आभार व्यक्त किया। वहीं सभी व्यापारियों को भी नवीन मंडी की बधाई दी और नई धान की आवक में उनके व्यापार को बढ़ोतरी की कामना की वहीं उन्होंने भाजपा की उपलब्धियां को गिनाते हुए जैसे डिग्री कॉलेज, बाईपास, गर्ल्स हॉस्टल, लिंक मार्ग की सड़क अन्य योजनाओं जो धरातल पर चल रही है उसे पर भी अपने विचार व्यक्त किया वह बताया कि भाजपा सरकार में यह सब कार्य हुए है। मंच का संचालन अनिल जेटली ने किया । इस दौरान उत्तराखंड मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, अनाज मंडी अध्यक्ष सतीश घीक, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर, राजेश गुंबर, सुरेश खुराना, मंडी समिति एम डी आशीष भटगई,राजकुमार भुड्डी,भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बहेड़, अमित नारंग, श्यामलाल सुखीजा, कृष्ण लाल सुधा, अजय खेड़ा, धर्मचंद खेड़ा, अनादी मंडल, विनोद भुसरी, कपिल कुमार, नरेश हुड़िया, अनिल भुसरी, अनिल जेटली, ज्योति चुग, मानसी शर्मा, पंकज सेतिया, सरदार अमरीक सिंह, अभिषेक गुंबर,अभिषेक वर्मा, मिनी गुंबर सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

**रूद्रपुर में ६० करोड़ से ...** प्लान तैयार कर लिया है। इसके लिए बकायदा डिजाईन तैयार कर लिया गया है और 60 करोड़ का टेंडर निकाले जाने की तैयारी भी शुरू हो गयी है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क का कायाकल्प करने के लिए जो प्रस्ताव तैयार किया है उसके अंतर्गत डिवाइडर से सड़क को दोनों तरफ 9 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसके बाद 8.9मीटर गार्डन ऐरिया होगा जिसमें छायादार पेड़ पौधों से हरियाली नजर आयेगी। इसके बाद 7 मीटर की सर्विस रोड और उसके बाद कवर्ड नाला और नाले के साथ 4.2 मीटर का साईकिल और पैदल ट्रैक बनाया जायेगा। सड़क के दोनों ओर आकर्षक लाईटें शोभा बढ़ाएंगी। यह पूरा प्लान धरातल पर उतरने के बाद रूद्रपुर की शहर अलग ही कलेवर में नजर आयेगा। नये प्लान के तहत मार्ग पर पड़ने वाले दोनों चौराहों को भी इस तरह से व्यवस्थित किया जाएगा ताकि लोगों को जाम की समस्या से ना जूझना पड़े।

**निजी अस्पताल में डिलीवरी...**रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया। मंगलवार की रात बड़े ऑपरेशन से नैंसी ने एक पुत्री को जन्म दिया जो पूरी तरह स्वस्थ है। डिलीवरी के बाद नव विवाहिता की हालत लगातार बिगड़ने लगी। परिजनों के मुताबिक अस्पताल के चिकित्सकों का कहना था कि उसे खून की कमी है। परिजनों का आरोप है कि प्राइवेट हॉस्पिटल में नव विवाहिता के उपचार में चिकित्सकों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही थी। रात्रि लगभग 9 बजे परिजनों को सूचना मिली कि विवाहिता की तबीयत अत्यधिक नाजुक हो गई है उसे यहां से अन्यत्र ले जाया जाए। परिजन जब तक वहां पहुंचे नव विवाहिता के प्राण पखेरू उड़ चुके थे। यह देख परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने जब इस बारे में अस्पताल के स्टाफ से जानकारी लेने का प्रयास किया तो अस्पताल स्टाफ मौके से फरार हो गया। तोड़फोड़ होने पर स्थानीय पुलिस को जैसे ही इसका पता चला उसने मौके पर पहुंचकर मृतका के परिजनों को किसी प्रकार शांत कराया। आज तहसीलदार की मौजूदगी में वीडियो ग्राफी के बीच मृतका नैंसी का डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। मृतका के परिजनों ने कहा कि अस्पताल के खिलाफ वह विधिक कार्यवाही करेंगे।

**व्यापारियों की धड़कनें...** का जो प्लान है उसके हिसाब से हाईवे पर सुपर मार्केट के साथ ही गांधी पार्क, सब्जी मण्डी का कुछ हिस्सा भी हाईवे के नये निर्माण की जद में आ रहा है। जिसके चलते व्यापारियों में हड़कम्प मचा है। चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों ने बीती शाम मामले को लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा को बुलाकर उनके समक्ष उजाड़े जाने से बचाने की गुहार लगायी। विकास शर्मा ने मामले को लेकर सीएम और केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट से वार्ता करने का आश्वासन दिया। फिलहाल अतिक्रमण हटाने की तैयारी के चलते कई व्यापारियों के निर्माण पर एक बार फिर प्रशासन की तलवार लटक गयी है।

**राईस मिल में छापा...**बताया कि प्रेम राइस में कालाबाजारी की सूचना मिली थी। जिसके बाद कार्रवाई की गई है। उक्त गोदाम को सीज कर दिया गया है। साथ थी संबंधित आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। छापे की कार्रवाई के दौरान राजस्व उप निरीक्षक देवेश घिल्ड़ियाल, आशीष ममगाईं, मंडी निरीक्षक देवेंद्र कुमार त्यागी, मंडी सहायक अजय भी मौके पर मौजूद रहे।

**राधा स्वामी ...**के उपरान्त चौक किया तो उसकी ट्रैक्टर ट्राली अपने स्थान पर मौजूद नहीं थी। आस पडोस में पता किया एव काफी खोजबीन की गई लेकिन ट्रैक्टर ट्राली का कुछ पता नहीं चल पाया जोकि अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है। वहीं वहां चोरी की एक अन्य घटना में फैक्ट्री की पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। किच्छा रोड़ स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले नवजीत सरकार पुत्र सुभाष सरकार ने दर्ज रपट में कहा है कि उसने अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके 064 ए क्यू 4115 फैक्ट्री की पार्किंग में खड़ी की थी। जहां से अज्ञात व्यक्ति उसे चोरी कर ले गया।

# मटकोटा मार्ग के निर्माण के लिए होगा आंदोलन: सुभाष

गदरपुर(उद संवाददाता)। मटकोटा दिनेशपुर रोड पर जानलेवा गड्ढे लोगों के लिए हादसों का सबब बने हुए हैं। शासन प्रशासन की अनदेखी से क्षेत्र के लोगों में बेहद गुस्सा है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने पिछले सप्ताह धरना देते हुए जल्द ही सड़क की पुन: निर्माण की मांग की थी।सुभाष व्यापारी ने जारी एक बयान में बताया है कि दिनेशपुर मटकोटा मार्ग के निर्माण को लेकर सप्ताह के हर रविवार को 10 बजे से 12 तक मैन चौराहा दिनेशपुर में सांकेतिक उपवास धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एक स्थानीय जनमुद्दा है जिसमें क्षेत्रीय सभी वर्गों के लोगों को आने-जाने में बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि समस्त वाहन चालक किसान भाइयों और अन्य लोगों से सांकेतिक उपवास धरना कार्यक्रम में सहयोग की अपील की है।



# चोरों ने चांदी की अंगूठी व मोबाइल उड़ाया

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में एक और सनसनीखेज चोरी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर तीन टावर के पास मोहल्ला अल्ली खां निवासी मोहसिन पुत्र सदाकत हुसैन ने बताया कि बीते 30 सितंबर की सुबह लगभग 6 बजे जब उसकी आंख खुली तो घर का मेंन गेट खुला हुआ था यह देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पति-पत्नी दोनों ने मिलकर जब कमरे को चेक किया तो कमरे का सारा सामान अस्त-व्यस्त पाया गया। अज्ञात चोरों ने कमरे से चांदी की अंगूठी एक मोबाइल फोन 400 रुपए नगद तथा पंजाब नेशनल बैंक की पासबुक चुरा ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे चोरों का पता लगाना शुरू किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# वैज्ञानिकों के लिए 'चुनौती' उत्तराखंड में आए दिन 'डोलती धरती'

- भूकंप का सटीक पूर्वानुमान लगाना लगभग असंभव
- असंभव को संभव करने में जुटे भारतीय वैज्ञानिक

-अर्श-

रूद्रपुर। विगत रोज यानी तीन अक्टूबर को दोपहर ढाई से तीन बजे के बीच, थोड़े-थोड़े अंतराल में महसूस किए गए भूकंप के दो बड़े झटकों ने, तकरीबन समूचे उत्तर भारत में आमजन के मध्य एक बार फिर भय का वातावरण निर्मित कर दिया। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग हर बार की तरह अपने-अपने घरों एवं कार्य स्थल से खुले स्थान में जमा हो गए और स्थिति सामान्य होने पर ही अपने-अपने स्थान पर लौटे। लगभग आधा घंटे के भीतर दो बार आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर प्रथम बार 4.2 एवं दूसरी बार 6.2 मापी गई तथा भूकंप का केंद्र नेपाल में चिन्हित किया गया। उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न हिमालयन राज्यों में कुछ माह के अंतराल में महसूस किए जाने वाले भूकंप के झटकों ने भारतीय वैज्ञानिकों को बेहद चिंतित कर दिया है और वह भूकंप का सटीक पूर्वानुमान लगाने की कोई भरोसेमंद वैज्ञानिक प्रणाली विकसित करने की कोशिश में जी-जान से जुटे हुए हैं। बताना होगा कि नीदरलैंड के वैज्ञानिक एवं भूगर्भ शास्त्री फ्रैंक हूगरबीट्स, जिन्होंने कुछ समय पूर्व अफगानिस्तान में आए 6।6 तीव्रता वाले गुना विनाशकारी भूकंप की 24 घंटे पूर्व ही भविष्यवाणी कर दी थी, द्वारा भारत के हिमालयन राज्यों विशेष कर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू कश्मीर में अफगानिस्तान जैसी तीव्रता वाला भूकंप आने की आशंका व्यक्त करने के बाद, भारतीय वैज्ञानिक भूकंप के पूर्वानुमान की सटीक प्रणाली विकसित करने कि दिशा में दिन-रात एक कर रहे हैं। बावजूद इसके अभी तक यह सटीक पूर्वानुमान लगाना संभव नहीं हो पाया है कि कब और कहां ,कितनी तीव्रता वाला भूकंप आ सकता है ? मगर समूची दुनिया सहित भारतीय वैज्ञानिकों के प्रयास इस दिशा में लगातार जारी है। देश के विभिन्न इलाकों के भूकंप संवेदी होने की वजह भारत एक ऐसी प्रणाली पर काम कर रहा है, जिससे भूकंम्प का पूर्वानुमान लगाया जा सके। ताकि भूकंप के कारण होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। आईआईटी रूड़की और ताइवान द्वारा मिलकर किया जा रहे भूगर्भीय अध्ययन अध्ययन को भारत सरकार का भरपूर सहयोग एवं प्रोत्साहन मिल रहा है। नतीजतन इस समय नेशनल सेंटर फार सिस्मोलॉजी के देशभर में 84 स्टेशन और 150 वेध शालाएं अस्तित्व में हैं। सभी केंद्र इस विषय पर अध्ययन कर रहे हैं। प्राप्त




जानकारी के मुताबिक, विगत 30 वर्षो के भूंकप के डाटा के विश्लेषण से भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा यह निष्कर्ष निकाला गया है कि इस अवधि के दौरान भूंकप की दर में कोई वृद्धि अथवा कमी नहीं आई है। भूकंप का अध्ययन करना एक विस्तृत विषय है और इस बारे में कोई समिति गठिन नहीं की गई है हालांकि कई संस्थान इस विषय पर अध्ययन कर रहे है। लिहाजा 84 डिजिटल केंद्रों को इस इतना सक्षम बना लिया गया है कि देश में कहीं भी 3 से अधिक तीव्रता के भूकंप का पांच मिनट के भीतर पता लगाया जा सके। इसमें और भी सुधार की कोशिश से जारी है। ताकि जल्द ही तीन मिनट के भीतर भूकंप की जानकारी एकत्र की जा सके। अभी इन केंद्रों के विकास के लिए दूसरे चरण का काम चल रहा है। इसके तहत 32 नये स्टेशन स्थापित किये जायेंगे और छह वर्तमान स्टेशनों का विकास किया जायेगा। फलस्वरुप देश में नेशनल सेंटर फार सिस्मोलॉजी के 116 स्टेशन हो जायेंगे। जो राष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा होगा। इन स्टेशनों और वेधशालाओं को परिचालन केंद्र के जरिये वीसैट संचार प्रणाली से जोड़ा जायेगा। उल्लेखनीय है कि भूकंप का खतरा देश में हर जगह अलग-अलग है। इस खतरे के हिसाब से देश को चार हिस्सों में बांटा गया है। सबसे कम खतरे वाला जोन 2 है तथा सबसे ज्यादा खतरे वाला जोन-5 है।नार्थ-ईस्ट के सभी राज्य, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्से जोन-5 में आते हैं। उत्तराखंड के कम उंचाई वाले हिस्सों से लेकर उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्से, दिल्ली जोन-4 में आते हैं। मध्य भारत अपेक्षाकृत कम खतरे वाले हिस्से जोन-3 में आता है, जबकि दक्षिण के ज्यादातर हिस्से सीमित खतरे वाले जोन-2 में आते हैं। अभी तक वैज्ञानिक पृथ्वी के अंदर होने वाली भूकंपीय हलचलों का पूर्वानुमान लगाने में असमर्थ रहे हैं। इसलिए भूकंप की भविष्यवाणी करना फिलहाल संभव नहीं है। वैसे विश्व में इस विषय पर सैकड़ों शोध चल रहे हैं। हाल ही में भारतीय मूल की वैज्ञानिक दीपा मेले वीदू के नेतृत्व में एक रिसर्च टीम ने ध रती की प्लेटों के हिलने के कारण पैदा हुए स्लो फॉल्ट मूवमेंट्स के आधार पर भूकंप के पूर्वानुमान का नया रास्ता खोज निकाला है।अब तक वैज्ञानिकों का मानना था कि स्लो फॉल्ट मूवमेंट्स या छोटे कंपनों के कारण रिक्टर स्केल पर 2 की तीव्रता वाले झटकों या भूकंप से बड़े भूकंप के आने की संभावना नहीं होती है।लेकिन अब न्यायांग टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी (एनटीयू) के रिसर्चर्स ने पाया कि ये छोटे कंपन भूकंप आने का संकेत देते हैं। इस टीम ने इसे समझने योग्य पैटर्न भी खोज निकाला है। एनटीयू के एशियन स्कूल ऑफ द एनवायरमेंट ऐंड ऐन अर्थ साइंटिस्ट ऐट अर्थ ऑब्जरवेटरी ऑफ सिंगापुर (ईओएस) की सिल्वेन बारबोट के अनुसार ,श्अगर सिर्फ स्लो मूवमेंट्स की पहचान की जाए तो इसका यह मतलब नहीं है कि वहां कोई बड़ा भूकंप नहीं आ सकता है। इसके उलट,श्फॉल्ट के उसी क्षेत्र में एक विनाशकारी भूकंप का विस्फोट हो सकता है।श स्पष्ट है कि इस निष्कर्ष से संभावित बड़े भूकंपों के बारे में ज्यादा सटीक अनुमान लगाया जा सकता है।भले ही अभी भूकंप के पूर्वानुमान के क्षेत्र में बहुत कुछ किया जाना बाकी हो ,लेकिन निश्चित तौर पर यह खोज आशा की किरण तो जगाती ही है।भारत में ज्यादातर भूकंप टैक्टोनिक प्लेट में होने वाली हलचलों के कारण आते हैं क्योंकि भारत इसी के ऊपर स्थित है, इसलिए खतरा और बढ़ जाता है। टैक्टोनिक प्लेट में होने वाली हलचलों के बारे में फिलहाल गहन शोध चल रहे हैं ,ताकि इसका पहले ही अंदाजा लगाया जा सके।

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338